मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 42 ■ अंक : 93 ■ शुक्रवार, 21 जून 2024 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

ANDROID APP ON Google play /ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com




पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

चोटिल हुई प्रियंका चोपड़ा

## अंबरनाथ पूर्व में कई घरों में बरसाती पानी घुसा



- शहर में सुबह से हो रही बरसात
- केबी रोड पर पानी नहीं भरा
- नपा ने यहां नाला सफाई एवं गटरों को साफ किया

यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में गुरुवार सुबह से हो रही बारिश के कारण शहर पूर्व के कई घरों में पानी घुस गया. निवासियों का भारी नुकसान हुआ. लेकिन शहर पश्चिम में केबी सड़क पर विमको नाका, शास्त्री हिंदी विद्यालय के पास पानी नहीं भरा है. उसका कारण यह बताया जा रहा है कि नेताओं द्वारा नापा पर मोर्चा ले जाने से एवं राकांपा विद्यार्थी सेना के अध्यक्ष अरबाज कुरैशी द्वारा नापा को पत्र देने के बाद नपा अधिकारियों ने दौरा करने के बाद यहां के नालों को साफ करना एवं वीको नाका के पास बंद किए गए गटर के तीन चैंबर को तोड़कर उसमें से कचरा निकालने के बाद गुरुवार को हुई बारिश में यहां पर पानी नहीं भरा है. कचरा सफाई के बाद बरसाती पानी अब सड़क पर जमा न होते हुए बाहर निकल रहा है लेकिन शहर पूर्व में नाला ठीक ढंग से एवं गटरों में से कचरा ना निकलने से यहां पर पाठारे पार्क के लगभग 25 घरों में बरसाती पानी घुसने से काफी नुकसान हुआ है.

ऐसी जानकारी हमें पूर्व नगराध्यक्ष सुनील वाघमारे ने दी है. उन्होंने बताया कि विशाखा सोसायटी, बी केबिन रोड, सुदर्शन सोसायटी, बलभीम सोसायटी, गांव देवी मंदिर (पूर्व) के पास बरसाती पानी भर गया था. यहां तक की करोड़ों अरबों रुपए खर्च करके निर्माण किए गए निसर्ग के पास भी पानी भर गया था. बिल्डिंगें को तो बना दी गई लेकिन बरसाती पानी निकालने का रास्ता नहीं बनाया गया. यहां के निवासियों एवं वाहन चालकों को पानी जमा होने से बड़ी मुसीबत का सामना करना पड़ा. शाम में बारिश का जोर कम होने के बाद पानी की निकासी हुई है।

# शहर डूबेगा या गिरेगा गड्ढे में ?

## मूसलाधार बारिश से उल्हासनगर जलमय

- कल्याण-बदलापुर रोड पर भरा पानी
- नाला सफाई की खुली पोल
- गड्ढों में गिरे वाहन
- खेमानी, अशोक बोधा नाना-नानी पार्क, गोल मैदान में भी पानी-पानी



**उल्हासनगर.** शहर में बुधवार रात से हो रही मूसलाधार बारिश से मनपा प्रशासन के कार्य की पोल खुल चुकी है। एक तरफ नाला सफाई न होने से शहर जलमग्न हुआ तो दूसरी तरफ शहर को बचाने निकली फायरब्रिगेड ही गड्ढे में गिर गई। कैम्प 4 संभाजी चौक परिसर में शिकायत पर गई फायरब्रिगेड गड्ढे में गिर गई और पलटने वाली ही थी लेकिन बचाव हो गया। प्रशासन की इस लापरवाही से यहां बड़ा हादसा हो सकता था।

वहीं बुधवार रात से पड़ रही मूसलाधार बारिश से लोगों को गर्मी से तो राहत मिल गई लेकिन नाला सफाई न होने से मनपा प्रशासन के कार्य की पोल खुल गई। उल्हासनगर शहर के केबी रोड, खेमानी, अशोक बोधा नाना-नानी पार्क, गोल मैदान, स्टेशन रोड आदि बड़े नालों के परिसर में नाला बहने से जलजमाव व घरों में पानी घुसने की शिकायतें मिली है। निजी ठेकेदार एक बार फिर फेल साबित हुआ है जिसे नाला सफाई का कार्य मिलता है यह वही ठेकेदार है जिसे शहर के गड्ढों को भी भरने का ठेका मिलता है। शहर के गड्ढों में भी पानी भरने के कारण दुपहिया वाहन गिरते हुए देखे गए। क्या एक बार फिर मनपा प्रशासन की लापरवाही व भ्रष्टाचार से शहर डूबेगा या खड्ढे में गिरेगा?

उल्हासनगर. लगातार और रिमझिम बारिश के कारण शांतिनगर श्मशान घाट, कल्याण-बदलापुर रोड, गोल मैदान, विदर्भवाड़ी आदि इलाकों में पानी भर गया. नागरिकों का आरोप है कि नालियों की सफाई नहीं होने से पानी ओवरफ्लो हो गया है और स्कूल नंबर 14 पर पेड़ गिरने की घटना हो गयी है. सड़क की भी हालत खराब है. उल्हासनगर में सुबह से ही बूंदाबांदी और तेज बारिश शुरू होते ही शहर के निचले इलाकों में जलभराव की तस्वीर सामने आ गई. शांतिनगर श्मशान घाट के बाहर मुख्य सड़क पर पानी जमा होने से कुछ देर के लिए जाम लग गया. मनपा कर्मचारियों और अग्निशमन विभाग ने रास्ता साफ किया। शहर के स्टेट बैंक, राधास्वामी सत्संग, अनिल-अशोक सिनेमा और कल्याण से बदलापुर रोड पर शांतिनगर प्रवेश द्वार पर पानी भर जाने की तस्वीरें सामने आईं. इसके अलावा गोलमैदान, गुलशन नगर, खेमानी रोड, मयूर होटल और आईआईटी कॉलेज रोड में भी पानी जमा हो गया. आरोप है कि समय पर नालों की सफाई नहीं होने से शहर में जलजमाव की स्थिति बनी है. साथ ही बरसात से पहले सड़कों के गड्ढे नहीं भरने से सड़कें गड्ढे में तब्दील हो गई हैं, जिससे नागरिकों के साथ-साथ वाहन चालकों को भी परेशानी हो रही है.

### गायकवाड़ पाड़ा नाले की खुदाई से नागरिकों को हो रही परेशानी


मानसून की पूर्व संध्या पर गायकवाड़ पाड़ा में एक छोटे नाले की खुदाई के कारण नागरिकों और स्कूली बच्चों को नाली के पाइप के माध्यम से नाला पार करना पड़ता है। अगर भारी बारिश जारी रही तो नागरिक अनहोनी की आशंका जता रहे हैं.

## फायर ब्रिगेड ही गड्ढे में फंसा...



एक स्कूल के परिसर में पेड़ की शाखा गिरने की कॉल से वापस आ रहा उल्हासनगर मनपा का फायर ब्रिगेड गड्ढे में गिर गया और पलटी होते-होते बच गया. लगभग दो घंटों की मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड को बाहर निकाला गया।

कैंप नंबर 4 में शिवनेरी अस्पताल के सामने स्कूल परिसर में एक पेड़ की शाखा गिरने के बारे में फायर ब्रिगेड को सूचना मिली। तदनुसार, फायरकर्मियों ने शाखा को हटा दिया और जब फायर ब्रिगेड वाहन वापस जा रहा था, तो सड़क पर भरे पानी का अंदाजा न आने के कारण एक साइड के पहिये गड्ढे में फंस गए. फायर ब्रिगेड के वाहन पलटने से बच गया. मुख्य अग्निशमन अधिकारी सुरेश बोंबे ने बताया कि वाहन पलटने के डर से ड्राइवर और सिपाही कूद पड़े. आखिरकार क्रेन बुलाई गई और दो घंटे की मशक्कत के बाद वाहन को बाहर निकाला गया।



बदलापुर. भारी बारिश के बाद बदलापुर का प्रसिद्ध कोंडेश्वर का झरना पूरी तरह भर कर बहने लगा है. कोंडेश्वर का झरना पर्यटकों में काफी लोकप्रिय है. यहां कोंडेश्वर मंदिर में दर्शन करने के अलावा बारिश में दूर-दूर से लोग यहां प्रकृति का लुत्फ उठाने आते हैं.

## ठाणे जिले में भारी बारिश



- निचले इलाकों में पानी भर गया
- गर्मी से लोगों को मिली राहत

**ठाणे.** ठाणे जिले में गुरुवार सुबह से भारी बारिश के चलते वातावरण ठंडा हो गया है. इस बारिश के कारण कई इलाकों में पानी भर गया. ठाणे मनपा आपदा प्रबंधन विभाग ने बताया कि ठाणे शहर में सुबह 8.30 बजे से 9.30 बजे तक एक घंटे की अवधि में 26.42 मिमी बारिश हुई है।

जून माह शुरू हुए पंद्रह दिन बीत जाने के बावजूद शहर में पर्याप्त बारिश नहीं हुई। इससे माहौल भी गरमा गया। इस गर्मी से नागरिक भी परेशान हो गए। हालांकि जिले में बुधवार से हो रही बारिश के कारण वातावरण में बनी ठंडक ने नागरिकों को राहत दी. गुरुवार को भी सुबह से ही बारिश शुरू हो गयी. इससे सुबह काम पर जाने वाले नागरिकों के साथ ही स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों को काफी परेशानी हुई। ठाणे शहर में सुबह 8.30 से 9.30 बजे के बीच 26.42 मिमी बारिश हुई. इससे शहर की मारुति रोड, वंदना बस डिपो के पास सड़कों पर पानी भर गया। डोंबिवली, कल्याण, भिवंडी, उल्हासनगर, बदलापुर और जिले के ग्रामीण इलाकों में भी भारी बारिश हुई. कल्याण-डोंबिवली शहर में निचले इलाकों में जलभराव हो गया. साथ ही रेलवे स्टेशन क्षेत्र में पानी जमा होने से यात्रियों को परेशानी हुई. नालों की समुचित सफाई नहीं होने से शहर के भीतरी इलाकों में सड़कें पानी में डूब गई. कल्याण शहर के शिवाजी चौक, खड़कपाड़ा, गांधारी, टिटवाला समेत 27 गांवों के कई इलाकों में पानी जमा हो गया.

गुरुवार सुबह करीब 9 बजे अंबरनाथ, बदलापुर और आसपास के इलाकों में बारिश शुरू हो गई। पहले रिमझिम बारिश आधे घंटे में ही तेज हो गई। बारिश के कारण सड़क और रेल यातायात धीमा हो गया. हालांकि सुबह कल्याण बदलापुर रोड पर पानी नहीं था, लेकिन ट्रैफिक धीमी गति से चल रहा था. लेकिन बांध क्षेत्र में भी बारिश होने से नागरिकों में खुशी का माहौल है.

## कल्याण के पिसवली गांव में सैकड़ों घर जलमग्न



**कल्याण.** कल्याण-डोंबिवली इलाके में गुरुवार सुबह से ही भारी बारिश हो रही थी. कल्याण-डोंबिवली में हो रही भारी बारिश से जमजमाव की हालत हो गई. कल्याण के पिसवली गांव के करीब 200 से 250 घरों में पानी भर गया है.

कल्याण-डोंबिवली इलाके में गुरुवार सुबह से ही भारी बारिश हो रही थी. करीब दो घंटे की भारी बारिश के बाद सड़कों पर पानी भर गया. उधर, कल्याण पूर्व के पिसवली गांव में दो सौ से ढाई सौ घरों में बारिश का पानी घुस गया. स्थानीय लोगों ने बताया कि इस गांव में संबंधित विकास कार्यों के कारण नाले का प्रवाह बदल जाने से यह स्थिति उत्पन्न हुई है.

इस संबंध में कडोंमपा प्रशासन से कई बार शिकायत की जा चुकी है। लेकिन नागरिकों ने मनपा पर उनकी उपेक्षा का आरोप लगाया. बारिश का पानी घरों में घुसने से नागरिकों को काफी परेशानी हुई. घरेलू सामान क्षतिग्रस्त हो गया। फिलहाल मनपा के अधिकारी मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया.

## अंबरनाथ में 200 से ज्यादा इमारतें खतरनाक स्थिति में

- इमारतों को खाली कराने में प्रशासन कर रहा लापरवाही
- कुछ इमारतें बेहद खतरनाक

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर पालिका सीमा में धोखादायक इमारतों की संख्या 200 से अधिक है, लेकिन इन खतरनाक इमारतों को अभी भी खाली नहीं किया गया है। कुछ इमारतें बेहद खतरनाक होने के बावजूद प्रशासन खाली कराने में लापरवाही कर रहा है।

अंबरनाथ शहर में खतरनाक इमारतों का मुद्दा हमेशा चर्चा में रहा है। खतरनाक इमारतों को सिर्फ नोटिस जारी कर नगर परिषद प्रशासन अपनी जिम्मेदारी से बचता नजर आ रहा है। ऐसा प्रतीत होता है कि जो इमारतें खतरनाक हो गई हैं और जिनका आसानी से पुनर्विकास किया जा सकता है; उन इमारतों पर पुनर्विकास करनेवाले बिल्डर तुरंत कार्रवाई करते हैं. लेकिन कोई भी बिल्डर उन इमारतों के पुनर्विकास के लिए आगे नहीं आता है जहां पुनर्विकास बाधाओं और दस्तावेजों की उलझनें हैं. ऐसे में ये इमारतें उसी हालत में खड़ी हैं.



अंबरनाथ के हाउसिंग बोर्ड, उलन चाल क्षेत्र में कुछ पुरानी इमारतें अभी भी खतरनाक स्थिति में हैं और उनमें कुछ निवासी रहते हैं; लेकिन इन निवासियों को अभी तक निकाला नहीं गया है. ऐसे में इस साल की बारिश में इन निवासियों की जान खतरे में पड़ने की आशंका है.

अंबरनाथ के पूर्वी हिस्से में भी बड़ी संख्या में खतरनाक इमारतें हैं और उनमें से कुछ का पुनर्विकास अपर्याप्त दस्तावेजों के कारण रुका हुआ है। वहां भी कई निवासी असुरक्षित इमारतों में रह रहे हैं. नगर पालिका को भी इन्हें हटाना मुश्किल हो रहा है।



उल्हासनगर में अशोक गोविंदाराम तरब नामक रिक्शा चालक पिछले 30 वर्षों से रिक्शा चला रहे हैं और शहर में यातायात सुधार का भी कार्य करते हैं। जाम के दौरान अगर यातायात पुलिस कर्मी मौजूद नहीं है या ड्यूटी खत्म हो गई हो तो वो स्वयं खड़े होकर यातायात को सुलझाने का कार्य करते हैं।

## रिक्शा टैक्सी चालकों के लिए महामंडल की स्थापना

- मुख्यमंत्री ने की घोषणा
- बीमा संरक्षण दुर्घटना पर 50 हजार की मदद
- अतिरिक्त जुर्माना न लिए जाने का आदेश

**अंबरनाथ.** ऑटो रिक्शा और टैक्सी चालकों के लिए स्वतंत्र महामंडल की स्थापना करने का निर्णय लिया गया है मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को ऐसी घोषणा की है रिक्शा टैक्सी चालकों के सिस्टम मॉडल के प्रतिनिधियों से बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि रिक्शा और टैक्सी चालकों को ग्रेच्युटी भी जाएगी महाराष्ट्र टैक्सी ऑटो रिक्शा चालक चालक कल्याणकारी महामंडल के नाम से यह जाना जाएगा इसके अंतर्गत प्रत्येक रिक्शा टैक्सी चालक को जीवन बीमा कवच दिया जाएगा चालक को और उसके परिवार को मुफ्त विद्या की उपचार भी मिलेगा दुर्घटना में चालक घायल हो गया तो उसको जल्द से जल्द 50000 सहायता दी जाएगी रिक्शा या टैक्सी चालक के बच्चों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए आर्थिक मदद दिए जाने की घोषणा भी



मुख्यमंत्री ने की है रिक्शा और टैक्सी चालकों को परिवहन विभाग आरटीओ की ओर से अतिरिक्त जुर्माना लगाया जा रहा है आज के बाद यह जुर्माना न लिया जाए ऐसा स्पष्ट निर्देश मुख्यमंत्री शिंदे ने उपस्थित विभाग के आयुक्त और पुलिस आयुक्त को दिए हैं कुछ ही दिनों बाद महामंडल की रूपरेखा को अंतिम रूप देकर परिवहन विभाग के कार्यालय में स्वतंत्र खिड़की खोलकर उसमें से लाभ का कार्ड निकाल कर महामंडल का लाभ रिक्शा टैक्सी चालकों तक पहुंचाया जाएगानिर्णय की घोषणा करते समय राज्य के सार्वजनिक बंद कम मंत्री दादा जी भूसे परीव अहान विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव संजय सेठी परिवहन आयुक्त विवेक भी मनवार संजय निरुपम और रिक्शा टैक्सी चालक मालक संगठन के प्रतिनिधि उपस्थित थे

## शिक्षक मतदाताओं के लिए 26 जून को अवकाश

### सहायक चुनाव निर्णय अधिकारी ने दी जानकारी

**ठाणे.** विधान परिषद के कोंकण डिवीजन स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान 26 जून 2024 को होगा। कलेक्टर एवं सहायक चुनाव रिटर्निंग अधिकारी अशोक शिनगारे ने बताया कि जो कर्मचारी इस चुनाव के लिए मतदाता हैं, उन्हें सरकार की ओर से विशेष आकस्मिक अवकाश स्वीकृत किया गया है.

विधान परिषद के कोंकण विभाग स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। इस चुनाव के लिए ठाणे जिले में 26 जून को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा. चूंकि इस चुनाव के लिए मतदाताओं की संख्या सीमित है, इसलिए राज्य सरकार ने उन कर्मचारियों को मतदान के लिए विशेष आकस्मिक अवकाश प्रदान किया है जो कोंकण डिवीजन ग्रेजुएट निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता हैं, ताकि वे अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग कर सकें। यह आकस्मिक अवकाश आकस्मिक अवकाश के अतिरिक्त होगा। इसके चलते जिला कलेक्टर और सहायक चुनाव रिटर्निंग अधिकारी अशोक शिंगारे ने उन कर्मचारियों से अपील की है जो ठाणे जिले के स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता हैं, वे इस दिन बड़ी संख्या में मतदान के अधिकार का प्रयोग करें।

### अवकाश का प्रावधान

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135 के अनुसार, लोकसभा चुनाव के लिए मतदान के दिन कर्मचारियों को छुट्टी देने का प्रावधान है। हालाँकि, चूँकि विधान परिषद शिक्षक स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों तक ही सीमित है, इसलिए उन्हें अपने मताधिकार का प्रयोग करने में सक्षम बनाने के लिए, सामान्य प्रशासन विभाग के 23 जून 2011 के सरकारी निर्णय के अनुसार, उन लोगों को विशेष आकस्मिक अवकाश दिया गया है। स्नातक चुनाव में मतदाता. उक्त अवकाश आकस्मिक अवकाश के अतिरिक्त होगा।

## मनपा आयुक्त ने की मानसून पूर्व किये गये कार्यों की समीक्षा बैठक

**उल्हासनगर.** मनपा आयुक्त अजीज शेख ने सभाकक्ष में अधिकारियों की संयुक्त बैठक कर मानसून पूर्व विकास कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिये. आयुक्त की समीक्षा बैठक में महानगर पालिका के विभाग प्रमुख समेत अन्य अधिकारी शामिल थे.

उल्हासनगर में विभिन्न विकास कार्य चल रहे हैं और मानसून से पहले प्रगति की समीक्षा के लिए आयुक्त अजीज शेख ने बुधवार को एक समीक्षा बैठक की। बैठक में विभागाध्यक्ष समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे. इस मौके पर कमिश्नर ने बरसात से पहले चल रहे विकास कार्यों को निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश दिये.

शहर में खतरनाक बिल्डिंग का निरीक्षण कर जो बिल्डिंग खतरनाक और बेहद खतरनाक स्थिति में हैं, बिल्डिंग का सर्वे करने, उन्हें नोटिस जारी करने, उक्त बिल्डिंग का ऑडिट कराने, खतरनाक पाए जाने पर बेदखल करने का निर्देश



दिया। साथ ही कामगार हाजिरी शेड का निरीक्षण कर कार्य पर उपस्थित एवं अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों का निरीक्षण करने तथा लंबे समय से अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों पर कार्रवाई करने का भी सुझाव दिया गया है. सफाई कर्मचारी के पास पर्याप्त कीटाणुनाशक पाउडर और अन्य सफाई सामग्री है? यह सुनिश्चित करें, सभी छोटे-बड़े नालों का निरीक्षण कर अद्यतन रिपोर्ट समर्पित करें, छोटे-बड़े नालों की सफाई शीघ्र कराएं। बैठक में आयुक्त ने अन्य लोगों के सुझाव भी दिये.

शहर के नागरिकों को स्वच्छ पानी की आपूर्ति कर पाइप लाइन में रिसाव को शीघ्र रोकने की कार्रवाई करें, एमएमआरडीए के माध्यम से बन रही 7 सड़कों का काम जल्द से जल्द पूरा करें, सड़कों पर लगे रोलिंग स्टोन को जीएसपी और तारकोल से बाहर करें, बारिश रुकने पर वे सड़क पर लगे बिजली के खंभों का निरीक्षण करें और उन्हें अच्छी स्थिति में रखें, बिजली के चैनलों पर जो रुकावटें हैं, उन सभी पेड़ों की शाखाओं को काटने के निर्देश बैठक में आयुक्त अजीज शेख ने संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिन सकता. – महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

## संपादकीय

### मणिपुर का दर्द!

मणिपुर में शांति बहाली को लेकर अब केंद्र सरकार कुछ गंभीर नजर आई है। गृहमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में वहां सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ाने, हिंसा करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाने और जल्दी ही मैतेई और कुकी समुदाय के लोगों के साथ बातचीत करने का फैसला किया गया। एक वर्ष से ऊपर हो गया वहां हिंसा होते, मगर न तो केंद्र और न राज्य सरकार ने कोई उल्लेखनीय कदम उठाया। इसे लेकर लगातार दोनों सरकारों पर अंगुलियां उठती रही हैं।

पिछले वर्ष मई में जब वहां हिंसा भड़की, तब सेना की गश्ती बढ़ा दी गई थी। इसका नतीजा यह हुआ कि हिंसा पर एकदम से काबू पा लिया गया था। मगर फिर महीने भर के भीतर ही फिर से हिंसा भड़क उठी थी। उसके बाद उस पर काबू पाने का कोई गंभीर प्रयास नहीं किया गया।

उपद्रवियों ने पुलिस शस्त्रागार से बड़े पैमाने पर हथियार लूट लिए, दोनों समुदाय घात लगा कर एक-दूसरे पर हमले करने लगे थे। उस दौरान केंद्रीय गृहमंत्री ने वहां का दौरा किया था। तब भी उन्होंने हिंसा करने वालों को कड़ी चेतावनी दी थी, लूटे गए हथियार वापस करने का आह्वान किया था, मगर उसका कोई खास असर नहीं हुआ।

तब से जैसे वहां के लोगों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। राज्य सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी रही और केंद्र सरकार ने कोई कड़ाई नहीं दिखाई। इसका नतीजा यह हुआ कि बहुत सारे घर जला दिए गए, पूजा स्थलों को ध्वस्त कर दिया गया, साठ हजार से ऊपर लोग अपने घरों से विस्थापित होकर राहत शिविरों में रह रहे हैं, दो सौ से ऊपर लोग मारे जा चुके हैं, कई महिलाओं से सामूहिक बलात्कार किया गया, कुछ को निर्वस्त्र घुमाया गया।

इन सबके बावजूद सरकारें तमाशबीन बनी रहीं। प्रधानमंत्री पर आरोप है कि वे आज तक मणिपुर पर कुछ नहीं बोले। इस स्थिति में सर्वोच्च न्यायालय ने संज्ञान लेते हुए अपनी निगरानी में जांच समिति गठित की और राज्य पुलिस को कड़ी चेतावनी दी। मगर उसका भी कोई उल्लेखनीय नतीजा नहीं निकल पाया है।

# क्षेत्रीय संतुलन और पाकिस्तान, समय की मांग है पुनर्विचार

भारत की 'पड़ोसी पहले' की नीति 1947 से ही विदेशी संबंधों का अहम हिस्सा रही है। यह पड़ोसियों से संबंध मजबूत बनाने, क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने, पड़ोसियों के साथ साझा मुद्दों का हल निकालने पर केंद्रित है, जिसे चीन की खतरनाक विस्तारवादी और कर्ज नीति से निपटने के लिए शीर्ष प्राथमिकता देने की जरूरत है।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के शपथ ग्रहण समारोह में पड़ोसी देशों एवं हिंद महासागर क्षेत्र के नेताओं की मौजूदगी से स्पष्ट है कि नई दिल्ली इन देशों को कितना महत्व देती है। समारोह में बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, मॉरिशस के प्रधानमंत्री एवं सेशेल्स के उपराष्ट्रपति और श्रीलंका तथा मालदीव के राष्ट्रपति मौजूद थे। मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू का शामिल होना रणनीतिक दृष्टि से इसलिए अहम था, क्योंकि दोनों देशों के बीच संबंध तनावपूर्ण चल रहे हैं। भारत ने 'पड़ोसी पहले' की नीति के तहत दक्षिण एशियाई देशों के साथ संबंधों को मजबूत करने पर हमेशा जोर दिया है। इसका लक्ष्य क्षेत्र में शांति, सहयोग और विकास को बढ़ावा देना है। अतीत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सार्क नेताओं को निमंत्रण देना, दक्षिण एशिया में नई शुरुआत का संकेत था। मोदी के तीसरे कार्यकाल में दक्षिण एशिया के छोटे देशों के जरिये क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए भारतीय दृष्टिकोण में भू-राजनीतिक बदलाव की उम्मीद है। मालदीव की नकारात्मकता के बावजूद भारत ने संयम बरता है, जिससे संबंधों में सुधार की गुंजाइश है।



मालदीव और नेपाल चीन के प्रलोभन में फंसे हुए हैं। इसलिए भारत को क्षेत्रीय संतुलन बनाकर राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखना होगा। वहीं, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ का एक्स पर प्रधानमंत्री मोदी को बधाई देना, इसके जवाब में मोदी का भी धन्यवाद कहना काफी कुछ बयां करता है। नवाज शरीफ ने लिखा कि 'आइए, हम नफरत को आशा में बदलें और दक्षिण एशिया के दो अरब लोगों की नियति को आकार देने के लिए अवसरों का लाभ उठाएं।' प्रधानमंत्री मोदी ने तुरंत जवाब दिया कि 'भारत के लोग हमेशा शांति, सुरक्षा और प्रगतिशील विचारों के लिए खड़े हैं। अपने लोगों की भलाई और सुरक्षा के लिए आगे बढ़ाना हमेशा हमारी प्राथमिकता रहेगी।'

उल्लेखनीय है कि 2014 में जब मोदी पहली बार प्रधानमंत्री बने, तो नवाज शरीफ भी शपथ ग्रहण में शामिल हुए थे। नवाज शरीफ के प्रधानमंत्री मोदी के साथ बेहतर रिश्ते रहे हैं। मोदी ने पाकिस्तान से संबंधों को सामान्य बनाने का प्रयास भी किया था। वर्ष 2015 में मोदी अचानक नवाज शरीफ को 66वें जन्मदिन की बधाई देने लाहौर पहुंचे थे और उनकी नातिन मेहरुनिस्सा की शादी के रिसेप्शन में शामिल हुए थे। हालांकि पाकिस्तानी सेना को यह पहल पसंद नहीं आई थी। इससे पहले 2004 में अटल बिहारी वाजपेयी ने पाकिस्तान का दौरा करके संबंधों में नरमी लाई थी। कूटनीति के सिद्धांतों के अनुसार, भले ही दोनों देशों के बीच संबंधों की निरंतरता को शत्रुता नियंत्रित करती हो, फिर भी बातचीत जारी रहनी चाहिए। अगर पाकिस्तान ईमानदारी दिखाए और सीमा पार आतंकवाद को प्रायोजित करना बंद करे, तो भारत फिर से बातचीत शुरू कर सकता है। विशेषज्ञ इस पर एकमत हैं कि चीनी राष्ट्रपति भारत के साथ शत्रुता का भाव रखते हैं, जबकि पाकिस्तान से बातचीत शुरू होने पर अमेरिका भी सहज महसूस करेगा।

हालांकि अब स्थितियां बदली हैं और नवाज शरीफ और सेना भारत से रिश्ते में सुधार के लिए एकमत होते दिख रहे हैं, लेकिन आईएसआई को कश्मीर में हिंसा को बढ़ावा देने वाले आतंकियों को समर्थन देना बंद करना होगा। वहीं, प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ को पाकिस्तान को माली हालत से बाहर निकालने के लिए आर्थिक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। पुलवामा हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान से व्यापार रोक दिया था। भारत अभी जल्दबाजी में पाकिस्तान के साथ व्यापार का कोई निर्णय भी नहीं लेगा।




# रेल हादसों को रोकना अब भी चुनौती

पिछले कई वर्षों से रेल सेवाओं को सुंदर, सुरक्षित और सुविधानजक बनाने के दावे बढ़-चढ़ कर किए जाते रहे हैं, मगर रेल हादसों को रोकना अब भी चुनौती है। वर्ष भर पहले ही ओड़ीशा के बालासोर में तीन गाड़ियां आपस में टकरा गई थीं, जिसमें दो सौ नब्बे से अधिक लोग मारे गए। अब पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में एक मालगाड़ी ने कंचनजंगा एक्सप्रेस को पीछे से टक्कर मार दी। इसमें करीब पंद्रह लोगों के मरने और साठ से अधिक लोगों के घायल होने की खबर है। पीछे के जिन डिब्बों में टक्कर लगी और वे पटरी से उतर गए उनमें से दो सामान और गार्ड के डिब्बे थे। अगर उनमें भी मुसाफिर रहे होते तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि हादसा कितना बड़ा होता।

### स्वचालित सिग्नल प्रणाली का खराब होना हादसे की वजह

इस दुर्घटना के पीछे स्वचालित सिग्नल प्रणाली का खराब होना कारण बताया जा रहा है। जैसा कि हर दुर्घटना के बाद मृतकों और घायलों के लिए मुआवजे की घोषणा की जाती है, वह औपचारिकता निभा दी गई है, मगर असली वजह का पता नहीं चल पाया है। जिस रेल लाइन पर यह हादसा हुआ, वह पूर्वोत्तर का सबसे व्यस्त मार्ग है। कहा जा रहा है कि इस मार्ग पर अभी टक्कररोधी उपकरण कवच नहीं लगा है, वरना यह हादसा न होने पाता।

### टक्कररोधी उपकरण लगाने का प्रस्ताव 25 साल पुराना

हर रेल हादसे के बाद नियम-कायदों के उल्लंघन, तकनीकी खामियों आदि को लेकर मंथन चलता रहता है और आखिरकार उस पर पर्दा डाल कर किनारे कर दिया जाता है। अगर रेल विभाग सचमुच रेल दुर्घटनाएं रोकने को लेकर गंभीर होता, तो ऐसी मामूली लापरवाहियों और तकनीकी खामियों की वजह से ऐसे बड़े हादसे न होने पाते। ट्रेनों में टक्कररोधी उपकरण लगाने का प्रस्ताव करीब पच्चीस साल पुराना है। वर्तमान सरकार ने इसके लिए कवच नामक उपकरण विकसित किया और बढ़-चढ़ कर दावा किया गया कि इस उपकरण से रेल हादसे पूरी तरह रोके जा सकेंगे।

मगर हकीकत यह है कि अभी तक केवल डेढ़ हजार किलोमीटर रास्ते में इस उपकरण को लगाया जा सका है। हालांकि रेल हादसे केवल गाड़ियों के टकराने से नहीं होते। कभी रेल की पटरियां उखड़ जाने से डिब्बे उतर जाते हैं, तो कभी गलत पटरी पर गाड़ियों को रवाना कर दिया जाता है, कभी सिग्नल प्रणाली ठीक न होने से गाड़ियां स्टेशन छोड़ कर आगे बढ़ जाती हैं। ज्यादातर हादसे व्यस्त मार्गों और तेज रफ्तार गाड़ियों में ही देखे जाते हैं।



विचित्र है कि देश में बुलेट ट्रेन चलाने का नक्शा खींचा जा रहा है, वंदेभारत जैसी तेज रफ्तार गाड़ियां बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है, मगर पटरियों को सुगम बनाने के लिए जो जरूरी संसाधन चाहिए, वे नहीं जुटाए जा रहे। असुरक्षित पटरियों और कमजोर संचालन प्रणाली के जरिए मुसाफिरों को सुरक्षित सफर मुहैया कराना चुनौती ही रहेगा। लगातार हादसों के बाद जिस तरह रेलमंत्री के कामकाज के तरीके पर गंभीर सवाल उठे थे, अपेक्षा की जाती थी कि उसमें सुधार किया जाएगा।


# छात्र ने बनाया दिल का डायग्राम, अंदर लिखे लड़कियों के नाम

**जरा हट के**

इंस्टाग्राम अकाउंट @_memes_connection फनी वीडियोज से जुड़ा एक पेज है जिसमें मजेदार मीम्स शेयर किए जाते हैं. हाल ही में इस अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया गया, जिसमें एक बच्चे की आंसर शीट वायरल हो रही है. अब ये असली है या फेक है, ये तो साफ नहीं पता चल पा रहा है, मगर है बहुत ही मजेदार! वो इसलिए क्योंकि दिल के अंदर लड़कियों के नाम लिख दिए गए हैं. ये पढ़कर टीचर के होश जरूर उड़ गए होंगे.

### दिल का बनाया अनोखा डायग्राम

परीक्षा में सवाल पूछा गया- दिल का डायग्राम बनाइए, उसे हिस्सों को लेबल करिए और दिल के फंक्शन के बारे में लिखिए. छात्र ने दिल का डायग्राम तो बहुत बढ़िया बनाया, मगर उसके बाद जब उसने लेबलिंग की, तो अपनी




प्रेमिकाओं को दिल के अंदर जगह दे दी. प्रिया, रूपा, नमिता, हरिता, पूजा जैसी लड़कियों के उसने नाम आलग-अलग हिस्सों में लिखे और फिर उन हिस्सों के फंक्शन के बारे में भी बताया. प्रिया के नाम के साथ उसने लिखा कि वो हमेशा उससे इंस्टाग्राम पर चैटिंग करती है, वो उसे पसंद करता है. रूपा के लिए लिखा कि वो उससे स्नैपचैट पर चैटिंग करती है, वो बहुत खूबसूरत है और क्यूट भी है. नमिता के लिए उसने लिखा कि वो उसके पड़ोसी की बेटी है, उसके लंबे बाल हैं और बड़ी आंखें हैं. पूजा के लिए उसने बताया कि वो उसकी एक्स गर्लफ्रेंड है और वो उसे भूल नहीं सकती. हरिता के लिए उसने कहा कि वो उसकी क्लासमेट है. टीचर ने उसे 10 से में 0 अंक दिए और लिखा कि अपने माता-पिता को बुलाकर लाओ.

# पोहा कटलेट

**खाना-खजाना**

**नाश्ते में पोहा तो आप भी कई बार खाते होंगे। यह न सिर्फ लाइट फूड है, बल्कि स्वाद में भी काफी लाजवाब लगता है। आइए आज आपको पोहा कटलेट बनाने की आसान रेसिपी बताते हैं, जो क्रिस्पी, करारी और हेल्दी होने के साथ-साथ बेहद टेस्टी भी है। आइए जानें।**

**सामग्री :**

- पोहा-1 कप
- आलू-1
- प्याज-1
- टमाटर-1/2
- चाट मसाला-1/2 बड़ा चम्मच
- लाल मिर्च पाउडर- 1/2 बड़ा चम्मच
- हरा धनिया- गार्निश के लिए
- चावल का आटा- 1 बड़ा चम्मच
- तेल- तलने के लिए
- नमक- स्वादानुसार

**विधि :**

पोहा कटलेट बनाने के लिए सबसे पहले इसे पानी से थोड़ा वॉश कर लें। अब इसे एक छन्नी में डालकर सारे पानी को निकाल लें। इसे एक बर्तन में ट्रांसफर करें और फिर उबले हुए आलू का छिलका उतार लें।

फिर टमाटर और प्याज को बारीक चॉप कर लें। अब पोहा के अंदर टमाटर, प्याज, चाट मसाला, लाल मिर्च पाउडर, स्वादानुसार नमक और हरा धनिया डालकर अच्छे से मिला लें। आलू को अब अच्छी तरह मैश कर लें और फिर अपने मुताबिक गोल या लंबा शेप दे दें। कटलेट्स को बारी-बारी से चावल के आटे में लपेटकर गर्म तेल की कढ़ाई में डालते जाएं।



इन्हें हल्का सुनहरे रंग को होने तक फ्राई होने दें। इनके क्रिस्पी हो जाने पर इन्हें तेल से निकालकर अपनी पसंदीदा चटनी के साथ गर्मागर्म परोसें।

## आज का राशिफल

**मेष :** रोजगार में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य हो जाने से प्रसन्नता रहेगी। निवेश लाभदायक रहेगा। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। विवाद से बचें।

**वृषभ :** व्ययवृद्धि से तनाव रहेगा। किसी व्यक्ति के उकसावे में न आएं। विवाद से बचें। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। व्यापार ठीक चलेगा। आय होगी। विवेक का प्रयोग करें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुन :** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लंबी यात्रा हो सकती है। लाभ होगा। नए अनुबंध हो सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। रुके कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। प्रशंसा मिलेगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी।

**कर्क :** आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कोई बड़ा कार्य कर पाएंगे। व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जोखिम न लें। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** तीर्थदर्शन हो सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय सहयोग से कार्य पूर्ण व लाभदायक रहेंगे। कारोबार मनोनुकूल रहेगा। शेयर मार्केट में जोखिम न लें। नौकरी में चैन रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। ध्यान रखें।

**कन्या :** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग से हानि की आशंका है, सावधानी रखें। दूसरों के झगड़ों में हस्तक्षेप न करें। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से क्षोभ होगा। फालतू की बातों पर ध्यान न दें। व्यापार ठीक चलेगा। जोखिम के कार्य बिलकुल न करें।

**तुला :** शत्रुओं का पराभव होगा। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है। कारोबार से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। कोई बड़ा कार्य करने की योजना बन सकती है। कार्यसिद्धि होगी। सुख के साधनों पर व्यय होगा। प्रसन्नता रहेगी।

**वृश्चिक :** संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। प्रॉपर्टी ब्रोकर्स के लिए सुनहरा मौका साबित हो सकता है। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार में वृद्धि के योग हैं। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। आय में वृद्धि होगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे।

**धनु :** मेहनत का फल पूरा नहीं मिलेगा। स्वास्थ्य खराब हो सकता है। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन मिल सकता है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। पारिवारिक मांगलिक कार्य हो सकता है। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं।

**मकर :** लेन-देन में सावधानी रखें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। शोक संदेश मिल सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। किसी के उकसाने में न आएं। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा।

**कुंभ :** मेहनत सफल रहेगी। बिगड़े काम बनेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। आय में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने के अवसर मिलेंगे। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। धनार्जन होगा।

**मीन :** पुराने संगी-साथी व रिश्तेदारों से मुलाकात होगी। नए मित्र बनेंगे। अच्छी खबर मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। कार्यों में गति आएगी। विवेक का प्रयोग करें। लाभ में वृद्धि होगी। मित्रों के सहयोग से किसी बड़ी समस्या का हल मिलेगा। व्यापार ठीक चलेगा।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# एक गलती आपको भी बना सकती है बहरा

### डॉक्टर की सलाह तुरंत कर लें इसमें सुधार


मशहूर गायिका अलका याग्निक ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के माध्यम से बताया कि उनके सुनने की क्षमता कम हो गई है। उनमें दुर्लभ सेंसोरिन्यूरल हियरिंग लॉस नामक समस्या का निदान किया गया है। पोस्ट में गायिका ने बताया कि उन्हें ये समस्या वायरल संक्रमण के कारण हुई जिसके कारण अब कम सुनाई देता है। सेंसोरिन्यूरल हियरिंग लॉस (एसएनएचएल) अक्सर उम्र बढ़ने की प्रक्रिया का एक स्वाभाविक हिस्सा माना जाता रहा है। हालांकि जीवनशैली और कुछ पर्यावरणीय स्थितियों के कारण आप कम उम्र में भी इसके शिकार हो सकते हैं। आंतरिक कान या श्रवण तंत्रिका की संरचनाओं में होने वाली क्षति की इस समस्या का जोखिम किसी को भी हो सकता है।

डॉक्टर कहते हैं, कान काफी संवेदनशील अंग हैं जिनको लेकर आपको विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता होती है, हालांकि युवाओं में बढ़ती एक गड़बड़ आदत ने इसका खतरा काफी बढ़ा दिया है। आइए जानते हैं कि कम सुनाई देने की ये समस्या क्यों होती है और इससे कैसे बचाव किया जा सकता है?

### पहले समझिए क्या है सेंसोरिन्यूरल हियरिंग लॉस?

हमारा कान कई प्रकार की संवेदनशील तंत्रिकाओं से घिरा होता है। इनमें होने वाली किसी भी प्रकार की समस्या न सिर्फ सुनने की क्षमता को बाधित कर देती है साथ ही इससे शारीरिक संतुलन में समस्या सहित कई और भी दिक्कतें हो सकती हैं।

उम्र बढ़ने के साथ कानों में कुछ प्रकार के संक्रमण, आनुवंशिक कारक सहित तेज आवाज के अधिक संपर्क में रहने के कारण आपकी सुनने की क्षमता प्रभावित होने लगती है। कम उम्र में बढ़ती इस समस्या के लिए मुख्यरूप से ईयरफोन-हेडफोन से तेज आवाज में संगीत सुनने को प्रमुख कारक माना जाता है।



### तेज आवाज से कानों को होता है नुकसान

हमारे आंतरिक कान के अंदर स्टीरियोसिलिया नामक हिस्सा होता है जिसमें छोटे-छोटे बाल होते हैं। यही बाल ध्वनि तरंगों से कंपन को तंत्रिका संकेतों में परिवर्तित करते हैं जिन्हें आपकी श्रवण तंत्रिकाएं मस्तिष्क तक ले जाती है। आमतौर पर हमारे कानों की क्षमता कुछ घंटे तक 70-75 डेसिबल की आवाज सहन करने की होती है। वहीं जब आप 85 डेसिबल से अधिक तेज आवाज के संपर्क में आते हैं तो इन बालों को नुकसान हो सकता है जिससे एसएनएचएल का जोखिम बढ़ जाता है।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

पुणे स्थित ईएनटी विशेषज्ञ डॉ जाकिर.एम.खान बताते हैं, ईयरफोन का लंबे समय तक इस्तेमाल कानों के लिए हानिकारक है। वहीं अगर आप ऐसे हेडफोन-ईयरफोन्स का इस्तेमाल करते हैं जिससे कान पूरी तरह से कवर रहते हैं तो इससे कान में बाहरी हवा नहीं जा पाती है। रबर वाले इयरफोन प्लग के कानों में लगाने से संक्रमण का जोखिम रहता है।

कानों को स्वस्थ और सुरक्षित रखने के लिए सबसे जरूरी है कि कानों को पूरी तरह से कवर करने वाले या तेज आवाज वाले इस तरह के उपकरणों के इस्तेमाल से बचा जाए।

### हो सकता है बहरापन

कुछ स्थितियों में एसएनएचएल तीन दिनों के भीतर भी विकसित हो सकता है। एक लाख लोगों में से लगभग 5 से 20 लोगों को इस तरह के एसएनएचएल की समस्या हो सकती है। अगर समय रहते इस पर ध्यान न दिया जाए तो एसएनएचएल तुरंत या कुछ दिनों में बहरेपन का भी कारण बन सकता है। यह अक्सर केवल एक कान को प्रभावित करता है और कई लोग सुबह उठने के बाद सबसे पहले इसे नोटिस करते हैं।

# इंडोर प्लांट लगाने हैं तो घर लाएं डिजाइनर गमले

### कमरे को मलिेगा लग्जरी लुक ऑनलाइन बना है ट्रेंड

शहरी एरिया में कमरों के अंदर पौधे लगाने का क्रेज बढ़ा है. खासतौर पर गर्मी के दिनों में. ये पौधे रूम के टेंपरेचर को कम करने का भी काम करते हैं और कमरों को लग्जरी लुक भी देते हैं. इन पौधों के लिए अगर आप खास तरह का गमला ढूंढ रहे हैं तो ऑनलाइन भी कई विकल्प मिल जाएंगे.



ग्रीन और मैटेलिक कलर का ये छोटा सा प्लांटर काफी खूबसूरत है. ऐसे गमलों को आप आसानी से अपने टेबल या कॉर्नर टेबल पर सजा सकते हैं. इसे आप आसानी से वाइप कर हमेशा नया सा क्लीन रख सकते हैं. इस तरह यह सालोंसाल आपके कमरे को



खूबसूरत बनाए रखने का काम कर सकता है.

अगर आपको क्यूट चीजें पसंद हैं तो आप इस तरह के क्यूट पॉट्स घर लाएं और सजाएं. आप इसे साइड टेबल, विंडो या फ्रंट डोर के पास भी रख सकते हैं. इस तरह आप तरह तरह के एनिमल स्ट्रक्चर वाले गमले भी खरीद सकते हैं. इनकी कीमत 250 से 2 हजार तक है.

अगर आप अपने डेस्ट पर





छोटे-छोटे प्लांट रखने की सोच रहे हैं तो इसे तरह के क्यूट से प्लांटर खरीद लाएं. सेरिमिक के बने ये गमले काफी क्यूट है और खराब भी नहीं होते. इन्हें आप आसानी से ऑनलाइन खरीद सकते हैं.

आप अपने पौधों को इस तरह के प्लांटर स्टैंड पर भी सजा सकते हैं. मेटल का यह स्टैंड दिखने में काफी लग्जरी है. आप इस तरह का स्टैंड अपने डाइनिंग या लिविंग एरिया में रखें. इसकी मदद से आपके पौधे व्यवस्थित भी रहेंगे और कमरे को लग्जरी लुक भी मिलेगा.

आप अपने बालकनी में या रूम के विंडो पर इस तरह के हैंगिंग प्लांटर लटका सकते हैं. ये तरह-तरह की वेरायटी में आपको मिल जाएंगे. ऐसे प्लांटर में अगर आप लता वाले पौधे जैसे मनी प्लांट आदि लगाएं तो काफी अच्छा दिखेगा.

# कैसे करें वाटरप्रूफ मेकअप?

भारत का अधिकतर हिस्सा हीटवेव की चपेट में है. इस दौरान त्वचा और हेल्थ का ख्याल रखना बेहद जरूरी हो चुका है. स्किन केयर के साथ मेकअप भी ऐसा होना चाहिए जिससे आपकी त्वचा खराब न हो. मेकअप करना हर लड़की का शौक होता है, लेकिन इस गर्मी में लॉन्ग लास्टिंग कैसे हो सकता है? इसके लिए आपको वॉटरप्रूफ मेकअप करने की जरूरत होगी. इसे कैसे करना है आइए जानते हैं इसकी टिप्स एंड ट्रिक्स

वॉटरप्रूफ मेकअप करने के लिए सबसे पहले आप बर्फ से फेस का मसाज करें. इसके बाद पानी में लिक्विड फाउंडेशन को मिक्स करें. अब पानी से फाउंडेशन को निकालकर फेस पर लगाएं. फाउंडेशन को निकालने के लिए आप किसी चम्मच की मदद ले सकती हैं. जब यह फेस पर अच्छे से अप्लाई हो जाए तो इसपर लूज पाउडर को स्पंज से अप्लाई करें, ताकि फाउंडेशन अच्छे से लॉक हो जाए. इसके बाद अपने पसंद के हिसाब से ब्लश लगा लें और आखों का मेकअप कर लें. आप इसे स्किप भी कर सकते हैं क्योंकि यह वॉटरप्रूफ नहीं होगा.



### मेकअप को ऐसे करें टेस्ट

अगर आप भी इस भीषण गर्मी में बाहर निकलने वाले हैं तो जरूर इस मेकअप को ट्राई करें. फाउंडेशन को ऐसे यूज करने के बाद आप अपने फेस पर बर्फ भी रगड़कर देख सकती हैं कि आपका फाउंडेशन छूट रहा है या नहीं. मेकअप के अलावा आप अपने स्किन केयर रूटीन को कभी मिस न करें. अपने फेस को हाइड्रेट रखने के लिए खूब पानी पीएं और इसके अलावा पानी से भरपूर फलों को खूब खाएं.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### कोतवाली में खड़ी जीप की सैलून वाले ने घुमा दी चाबी, फिर आ गई बड़ी आफत

**रायबरेली.** रायबरेली जिले की ऊंचाहार कोतवाली में गुरुवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब पुलिस की एक जीप दीवार में जाकर घुस गई। दीवार में जीप के घुसने से जीप पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। दरअसल कोतवाली परिसर में पुलिस की जीप खड़ी थी। जीप में चाबी भी लगी थी। इसी दौरान पुलिसकर्मियों की सेविंग करने पहुंचे एक सैलून वाले ने जीप में लगी चाबी को घुमा दिया। जीप गियर में होने के कारण अचानक से जीप स्टार्ट होकर रसोई घर के बरामदे को तोड़ते हुए दीवार में जा टकराई। इससे रसोई घर का बरामदा भरभरा कर गिर गया और दीवार भी क्षतिग्रस्त हो गई। जीप में भी काफी नुकसान हुआ है। घटना सुबह होने के कारण कोई जनहानि नहीं हुई है, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। हालांकि पुलिस सैलून वाले को पकड़ लिया है।

### यूपी के हर परिवार के पास होगा अपना फैमिली कार्ड, सीएम योगी का बड़ा आदेश

**लखनऊ.** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में यूपी के हर परिवार को जारी किए जा रहे 'परिवार आईडी' प्रक्रिया की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। साथ ही इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ सभी परिवारों को उपलब्ध कराए जाने के संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीएम योगी ने कहा, हर परिवार को सरकार की योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने तथा प्रत्येक परिवार के न्यूनतम एक सदस्य को रोजगार-सेवायोजन से जोड़ने के संकल्प के क्रम में प्रदेश मे परिवार आईडी जारी की जा रही है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में निवासरत लगभग 3.60 करोड़ परिवार के 15.07 करोड़ लोग राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ पा रहे हैं। इन परिवारों की राशनकार्ड संख्या ही फैमिली आईडी है, जबकि 01 लाख से अधिक गैर राशन कार्ड धारकों को फैमिली आईडी जारी की जा चुकी है। ऐसे परिवार जो कि राशन कार्ड धारक नहीं है, उनके लिए https://familyid.up.gov.in पर पंजीयन कर परिवार आईडी प्राप्त करने की व्यवस्था है।

### हाईवे पर दौड़ती कार से सड़क किनारे फेंकी लड़की, पांच दिन से ढूंढ रहा था परिवार

**लखीमपुर खीरी.** लखीमपुर खीरी थाना क्षेत्र में बुधवार की सुबह कार सवार लोग पीलीभीत जिले की एक 17 वर्षीय किशोरी को गांव में सड़क किनारे फेंक गए। ग्रामीणों ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने किशोरी को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। वह अर्धबेहोशी की हालत में थी। बाद में उससे पूछताछ करने पर उसकी पहचान हुई। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी है और उसको परिजनों व पीलीभीत पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पीलीभीत में किशोरी का मेडिकल कराया जाएगा।

कार सवार बुधवार की सुबह खीरी थाना क्षेत्र के गांव चिमनी के पास सीतापुर लखीमपुर फोरलेन के किनारे एक 17 वर्षीय किशोरी को फेंक गए। किशोरी अर्धबेहोशी की हालत में थी। ग्रामीणों ने कार सवारों को पकड़ने की कोशिश की और शोर मचाया। लेकिन वे भागने में सफल हो गए। ग्रामीण किशोरी के पास गए और वह कुछ बताने की स्थिति में नहीं थी। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची ओयल पुलिस ने किशोरी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। कुछ देर बाद पुलिस ने उससे बात की। तब उनकी पहचान हुई।

# बिहार में आरक्षण बढ़ाने का फैसला हाईकोर्ट ने रद्द किया

## सरकार ने SC-ST और OBC-EBC आरक्षण 50% से बढ़ाकर 65% किया था




**पटना.** पटना हाईकोर्ट ने बिहार सरकार के आरक्षण सीमा बढ़ाए जाने के फैसले को गुरुवार को खारिज कर दिया। राज्य सरकार ने शिक्षण संस्थानों और सरकारी नौकरियों में SC-ST, OBC और EBC को 50 फीसदी से बढ़ाकर 65 फीसदी आरक्षण देने का फैसला लिया था। इसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। पटना हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस केवी चंद्रन की बेंच ने गौरव कुमार और अन्य की याचिकाओं पर 11 मार्च को सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### अब जानिए हाईकोर्ट ने क्यों रद्द किया फैसला

याचिकाकर्ता ने तर्क दिया था कि रिजर्वेशन इन कैटेगरी की आबादी की बजाय इनके सामाजिक और शिक्षा में पिछड़ेपन पर आधारित होना चाहिए। बिहार सरकार का फैसला संविधान के अनुच्छेद 16(1) और अनुच्छेद 15(1) का उल्लंघन है।

अनुच्छेद 16(1) राज्य के तहत किसी भी कार्यालय में रोजगार या नियुक्ति से संबंधित मामलों में सभी नागरिकों के लिए समानता का अवसर प्रदान करता है। अनुच्छेद 15(1) किसी भी प्रकार के भेदभाव पर रोक लगाता है।

### आरक्षण का दायरा 75 फीसदी हुआ था

जातीय गणना की सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद सरकार ने आरक्षण का दायरा बढ़ाकर OBC, EBC, दलित और आदिवासियों का आरक्षण 65 फीसदी कर दिया था। इसमें आर्थिक रूप से पिछड़े सवर्णों को बिहार में सरकारी नौकरियों और उच्च शैक्षणिक संस्थानों में मिलने वाले 10 प्रतिशत आरक्षण को मिलाकर कोटा को बढ़ाकर 75 प्रतिशत तक कर दिया गया था।

बिहार सरकार ने जातीय गणना की रिपोर्ट 2 अक्टूबर को जारी की थी। इसके मुताबिक बिहार में सबसे ज्यादा आबादी पिछड़ा वर्ग और अत्यंत पिछड़ा वर्ग की है। रिपोर्ट के मुताबिक राज्य में 27.12% पिछड़ा वर्ग और 36% आबादी अत्यंत पिछड़ा वर्ग की है। दोनों को जोड़ दें तो इनकी संख्या 63% हो गई है।

# तमिलनाडु में जहरीली शराब से 34 की मौत

- 100 से ज्यादा लोगों का इलाज जारी
- कलेक्टर-SP हटाए गए; घटना की जांच CID को सौंपी

**कल्लाकुरिची.** तमिलनाडु के कल्लाकुरिची में जहरीली शराब पीकर मरने वालों की संख्या बढ़कर 34 हो गई है, जबकि 100 से ज्यादा लोगों का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। पुलिस के मुताबिक इन लोगों ने पैकेट में मिलने वाली शराब पी थी।

कल्लाकुरिची जिले के करुणापुरम में 18 जून को हुई घटना के पीड़ितों में ज्यादातर दिहाड़ी मजदूर हैं। शराब पीने के बाद रात होते-होते इन लोगों को दस्त, उल्टी, पेट दर्द और आंखों में जलन होने लगी।

पुलिस ने इस मामले में के कन्नुकुट्टी (49) समेत 4 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। कन्नुकुट्टी के पास से लगभग 200 लीटर जहरीली शराब बरामद हुई, जिसमें मेथेनॉल मिला हुआ है।

कल्लाकुरिची में 12 एम्बुलेंस तैनात हैं। पुलिस के मुताबिक मरने वालों का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने पर मौत की असली वजह सामने आएगी। घटना के बाद राज्य सरकार ने कल्लाकुरिची के कलेक्टर-SP को हटा दिया है। इनकी जगह एमएस प्रशांत को कलेक्टर और रजत चतुर्वेदी को SP नियुक्त किया है।

### मद्रास हाईकोर्ट में सुनवाई आज

AIADMK के वकीलों ने मद्रास हाईकोर्ट से कल्लाकुरिची मामले पर तत्काल सुनवाई करने की अपील की। जस्टिस डी कृष्णकुमार और के कुमारेश बाबू की बेंच 21 जून को इस पर सुनवाई करेगी। मुख्यमंत्री ने केस की जांच के लिए मद्रास हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज जस्टिस बी गोकुलदास की अध्यक्षता में आयोग बनाने का निर्देश दिया है।

### अरविंद केजरीवाल को जमानत

**नई दिल्ली.** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत मिल गई है। कथित शराब घोटाले में गिरफ्तार केजरीवाल को गुरुवार को राउज एवेन्यू कोर्ट ने बड़ी राहत देते हुए फैसला सुनाया।

स्पेशल जज न्याय बिंदु की अदालत ने एक लाख रुपए के निजी मुचलके पर उन्हें जमानत दी है। ईडी ने कोर्ट से अपील की कि बेल बॉन्ड पर साइन करने के लिए 48 घंटे का समय दिया जाए ताकि आदेश को ऊपरी अदालत में चुनौती दी जा सके। जज ने कहा है कि आदेश पर कोई स्टे नहीं होगा।

# पालघर में बनेगा 76,200 करोड़ का नया बंदरगाह



नई दिल्ली. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में बुनियादी ढांचा क्षेत्र की कई परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। मंत्रिमंडल ने महाराष्ट्र के वधावन में हर मौसम के लिए अनुकूल नया बंदरगाह बनाने के लिए 76,200 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इसके साथ मंत्रिमंडल ने वाराणसी हवाई अड्डे के विकास के लिए 2,869 करोड़ रुपये और अपतटीय पवन ऊर्जा परियोजनाओं के लिए 7,453 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी।

इस बंदरगाह परियोजना का निर्माण वधावन पोर्ट प्रोजेक्ट लिमिटेड (वीपीपीएल) करेगी जो जवाहरलाल नेहरू पोर्ट अथॉरिटी (जेएनपीए) और महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड (एमएमबी) की विशेष उद्देश्यीय इकाई (एसपीवी) है। इसमें जेएनपीए की 74 फीसदी और एमएमबी की 26 फीसदी हिस्सेदारी है। बयान में कहा गया है कि वधावन में बनने वाला यह बंदरगाह दुनिया के शीर्ष 10 बंदरगाहों में से एक होगा।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस परियोजना से 12 लाख लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इसके साथ ही अपतटीय पवन ऊर्जा परियोजनाओं को व्यवहारिक बनाने के लिए 7,453 करोड़ रुपये की योजना को भी मंजूरी मिली है।

इस योजना में एक गीगावाट की अपतटीय पवन ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना और चालू करने के लिए 6,853 करोड़ रुपये का परिव्यय तथा अपतटीय पवन ऊर्जा परियोजनाओं की लॉजिस्टिक जरूरतों को पूरा करने के लिए दो बंदरगाहों के उन्नयन के लिए 600 करोड़ रुपये का अनुदान शामिल है।

वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकसभा क्षेत्र वाराणसी में हवाई अड्डे के विकास में नए टर्मिनल भवन का निर्माण, पार्किंग और हवाई पट्टी का विस्तार, समानांतर टैक्सी ट्रैक और अन्य कार्य शामिल हैं। इस पर 2,869.65 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

# हरियाणा की 2 लोकसभा सीटों की EVM चेक होंगी

- दोनों BJP ने जीतीं
- कांग्रेस उम्मीदवारों की शिकायत पर ECI का फैसला



**करनाल.** चुनाव आयोग ने हरियाणा की 2 लोकसभा सीटों पर चुनाव में EVM में गड़बड़ी की शिकायत की जांच के आदेश दिए हैं। इनमें करनाल और फरीदाबाद सीट शामिल है। जिनकी अब EVM चेक कराई जाएगी। करनाल से केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और फरीदाबाद से केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर चुनाव जीते थे।

इन दोनों सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवारों की ओर से चुनाव के दौरान गड़बड़ी की आशंका जताई गई थी। इसे लेकर चुनाव आयोग में शिकायत भी की गई थी।

करनाल से कांग्रेस उम्मीदवार दिव्यांशु बुद्धिराजा ने चुनाव आयोग को चिट्ठी लिखकर EVM की जांच करने की मांग की थी। वहीं, फरीदाबाद से कांग्रेस उम्मीदवार महेंद्र प्रताप ने भी गड़बड़ी की आशंका जताई थी।

चुनाव आयोग की ओर से कहा गया है कि लोकसभा चुनाव 2024 में EVM में गड़बड़ी की शिकायत के 8 आवेदन आए थे। इनमें हरियाणा के करनाल और फरीदाबाद लोकसभा सीट के भी नाम शामिल थे। इनमें EVM की मेमोरी और माइक्रो कंट्रोलर की जांच की मांग की गई थी।

### कांग्रेस उम्मीदवार चेक करेंगे EVM

ECI के मुताबिक करनाल और फरीदाबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवारों को EVM चेक करवाई जाएगी। करनाल लोकसभा सीट से करनाल में 2 EVM और पानीपत सिटी की 2 EVM चेक कराई जाएंगी। यानी करनाल लोकसभा सीट की 4 EVM चेक की जाएंगी। वहीं, फरीदाबाद लोकसभा सीट के बड़कल बूथ की 2 EVM चेक कराई जाएंगी।

# ड्राय फ्रूट्स कारोबारी और दो बेटियां जिंदा जलीं


- ग्वालियर में तीन मंजिला मकान में लगी आग
- बाहर आने के एक रास्ते में लपटें थीं, दूसरा बंद



**ग्वालियर.** ग्वालियर में तीन मंजिला मकान में आग लगने से पिता और दो बेटियां जिंदा जल गए। घटना बहोड़ापुर थाना इलाके के कैलाशनगर में बीती रात करीब दो बजे की है। फायर ब्रिगेड की 13 गाड़ियों ने करीब तीन घंटे में आग बुझाई। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है।

कैलाशनगर में विजय उर्फ बंटी अग्रवाल की तीन मंजिला इमारत में ग्राउंड फ्लोर पर श्री हरि कृपा नाम से ड्राय फ्रूट्स की शॉप और सेकंड फ्लोर पर गोदाम है। तीसरे फ्लोर पर वे परिवार के साथ रहते थे। विजय की पत्नी राधिका, बेटे अंश के साथ मायके मुरैना गई हुई थीं। घर पर विजय, उनकी दो बेटियां अंशिका उर्फ मिनी (15) और यशिका उर्फ यीशू (14) ही थे। बुधवार रात तीनों खाना खाकर सो गए। देर रात मकान से लपटें उठती देखी गईं। घर से बाहर निकलने का एकमात्र रास्ता नीचे से है। यहां आग फैली हुई थी। एक और रास्ता मकान के पिछले हिस्से से है, लेकिन यहां उन्होंने अलमारी रखी हुई थी।

# मेरी सुरक्षा को खतरा, कुछ नहीं कर रहीं CM ममता बनर्जी : राज्यपाल बोस



**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने गुरुवार को कहा कि उन्हें राजभवन में तैनात कोलकाता पुलिस के मौजूदा दल की वजह से अपनी सुरक्षा को खतरा होने का अंदेशा है। बोस ने हाल ही में पुलिस कर्मियों को राजभवन परिसर खाली करने का आदेश दिया था, जिसके कुछ दिनों बाद यह बयान आया है। हालांकि, पुलिसकर्मी अभी भी राज्यपाल भवन में तैनात हैं।

बोस ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'मेरे पास कारण हैं, जिनकी वजह से मुझे लगता है कि मौजूदा प्रभारी और उनका दल मेरी निजी सुरक्षा के लिए खतरा है।' उन्होंने कहा, 'मैंने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को सूचित किया कि राजभवन में कोलकाता पुलिस के साथ मैं असुरक्षित महसूस कर रहा हूं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।'

राजभवन के सूत्रों ने बताया कि बोस ने राज्य सरकार से राजभवन में तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा लगातार जासूसी किए जाने की शिकायत की और उन्हें लगता है कि वे बाहर के 'प्रभावशाली लोगों' के कहने पर ऐसा कर रहे हैं। बोस ने कहा, 'यहां तैनात पुलिसकर्मी मेरी और मेरे अधिकारियों की गतिविधियों की जासूसी कर रहे हैं। उन्हें (पुलिसकर्मियों) सरकार में बैठे अपने राजनीतिक आकाओं का मौन समर्थन प्राप्त है। यह संविधान का उल्लंघन है।'

राज्यपाल ने यह मामला समय-समय पर बनर्जी के संज्ञान में लाया है, लेकिन अब तक इसपर कोई कार्रवाई नहीं हुई। मुख्यमंत्री गृह विभाग का कार्यभार भी संभालती हैं। उन्होंने जोर देकर कहा, 'पुलिस विभाग में आला अधिकारियों की जानकारी के बिना ऐसा कुछ भी संभव नहीं है और पुलिस गृह विभाग के अंतर्गत आती है।'


बोस ने दावा किया कि राजभवन में वर्तमान प्रभारी अधिकारी के अधीन तैनात पुलिस दल के 'गलत कार्यों' के बारे में उन्हें जानकारी थी। उन्होंने कहा, 'विभिन्न स्रोतों से यह विश्वसनीय जानकारी प्राप्त हुई है कि यहां तैनात पुलिस दल राजभवन तथा लोगों के हितों के खिलाफ काम कर रहा है। मैंने खुद भी इसकी पुष्टि की है।'

बोस ने कहा कि यहां तैनात कुछ पुलिसकर्मी पहले राज्य सचिवालय 'नबन्ना' में तैनात थे। राज्यपाल ने कहा, 'वे किसी के लिए जासूस के रूप में काम कर रहे हैं। मैं अभी उस व्यक्ति का नाम नहीं लेना चाहता।'

### पूर्व भारतीय क्रिकेटर डेविड जॉनसन ने किया सुसाइड

**बेंगलुरु.** पूर्व भारतीय क्रिकेटर डेविड जॉनसन ने सुसाइड कर लिया। उन्होंने चौथे फ्लोर से छलांग लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। कोट्टानूर पुलिस ने घटनास्थल का दौरा किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया. फिलहाल, कोट्टानूर पुलिस जानकारी जुटा रही है. जॉनसन 52 साल के थे. उनके परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं. जॉनसन अपने घर के पास में ही क्रिकेट अकादमी चला रहे थे, लेकिन पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे. भारत के लिए डेविड जॉनसन ने दो टेस्ट मैच खेले थे। 1996 में उन्होंने भारत के लिए डेब्यू किया था और उसी साल वे अपना दूसरा टेस्ट मैच भी खेले थे। इसके बाद उनको मौका नहीं मिला। भारत के लिए दो टेस्ट मैच खेलने के अलावा डेविड जॉनसन ने कर्नाटक के लिए लंबे समय तक रणजी क्रिकेट खेली है।

# राहुल 54 साल के हुए



**नई दिल्ली.** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 19 जून को अपना 54वां जन्मदिन मनाया. इस मौके पर राहुल गांधी ने दिल्ली स्थित कांग्रेस दफ्तर में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर केक भी काटा।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी के कई अन्य नेताओं ने पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को उनके जन्मदिन के अवसर पर बधाई दी और उन्हें कमजोरों की आवाज, संविधान के प्रति अटूट आस्था रखने वाला तथा सत्ता को सच का आईना दिखाने वाला बताया।

प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर राहुल को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि हमेशा मेरे दोस्त बने रहना। उन्होंने राहुल को अपना सहयोगी तर्कशील मार्गदर्शक, दार्शनिक बताया।

# 'हमेशा नेता प्रतिपक्ष बनकर रहना'

- राहुल गांधी के जन्मदिन पर रामदास अठावले का तंज



**नई दिल्ली.** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी 19 जून को अपना 54वां जन्मदिन मनाया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कांग्रेस और सहयोगी दलों के तमाम नेताओं ने उनको शुभकामनाएं दी। राहुल गांधी ने भी उनका शुक्रिया अदा किया। शुभकामना देने वालों में केंद्रीय मंत्री और रिपब्लिक पार्टी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष रामदास अठाले भी शामिल हैं। हालांकि, उन्होंने जिस अंदाज में जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं, इसकी उम्मीद कोई कांग्रेसी कार्यकर्ता कभी नहीं कर सकता है।

अठावले ने तंज भरे लहजे में राहुल गांधी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'राहुल गांधीजी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामना, आप हमेशा विरोधी पक्ष नेता बनकर रहना!' आपको बता दें कि उन्होंने संसद में भी एक बार इसी अंदाज में कांग्रेस नेता को शुभकामनाएं दी थी।

रामदास अठावले अपनी बेबाकी और चुटीले अंदाज के लिए जाने जाते हैं। वह संसद में जब भी किसी विषय पर बोलने के लिए खड़े होते हैं तो अपनी काव्य रचनाओं का जमकर इस्तेमाल करते हैं। उनके भाषण पर संसद में खूब ठहाके भी लगते हैं।

### कांग्रेस ने फैक्ट फाइंडिंग कमेटी बनाई

**नई दिल्ली.** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने फैक्ट फाइंडिंग कमेठी का गठन किया है। लोकसभा चुनाव 2024 में जिन राज्यों में पार्टी का प्रदर्शन पूरी तरह से खराब रहा और जिन राज्यों में पार्टी को हार का सामना करना पड़ा, अब ये कमेटी हार और खराब प्रदर्शन के कारणों को जानेगी। लोकसभा चुनाव में जिन राज्यों में पार्टी का प्रदर्शन बहुत बुरा रहा है, उनमें मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना और दिल्ली के नाम शामिल हैं। मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली और हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के हिस्से एक सीट भी नहीं आई वहीं, कर्नाटक और तेलंगाना में भी उसका प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा है। हिमाचल प्रदेश में तो कांग्रेस की सरकार है।

# ओलिंपिक से पहले नीरज ने जीता गोल्ड




- पावो नूरमी गेम्स में 85.97 मीटर थ्रो किया
- मसल्स में खिंचाव के कारण एक टूर्नामेंट छोड़ा

टोक्यो ओलिंपिक में जेवलिन थ्रो के गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने फिनलैंड के टुर्कु में आयोजित पावो नूरमी गेम्स में जेवलिन में गोल्ड मेडल जीता है। उन्होंने 85.97 थ्रो करके पहला स्थान प्राप्त किया। नीरज के अलावा फिनलैंड के टोनी केरानेन ने 84.19 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहकर सिल्वर मेडल और ओलिवियर हेलांडर ने 83.96 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ बॉन्ज मेडल जीता है। इस प्रतियोगिता में नीरज दूसरे थ्रो में पिछड़ गए थे। लेकिन इसके बाद उन्होंने न केवल अच्छी वापसी की, बल्कि अपना बेस्ट थ्रो भी किया।

### अगले महीने से पेरिस ओलिंपिक गेम्स

नीरज का गोल्ड जीतना भारत के लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि 26 जुलाई से 11 अगस्त तक पेरिस ओलिंपिक गेम्स है। नीरज को पिछले महीने प्रैक्टिस के दौरान मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। इस वजह से उन्होंने 28 मई को चेक गणराज्य में आयोजित ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया था। इसकी जानकारी नीरज ने सोशल मीडिया पर दी थी।

नीरज चोपड़ा ने लिखा था, ₹मुझे ये समस्या पहले भी रही है। इस स्टेज पर अगर मैं खुद को पुश करता हूं तो ये चोट में बदल सकती है। मैं साफ कर दे रहा हूं कि मैं चोटिल नहीं हूं, पर मैं ओलिंपिक्स से पहले कोई खतरा नहीं लेना चाहता। जैसे ही मैं पूरी तरह से रिकवर हो जाऊंगा, मैं चैम्पियनशिप में वापसी करूंगा। आपके सपोर्ट के लिए धन्यवाद।₹

### वंदे भारत में यात्री को सब्जी में मिला मरा हुआ कॉकरोच

भोपाल से आगरा जा रहे वंदे भारत के यात्री ने खाने को लेकर शिकायत की है। यात्री का आरोप है कि उन्हें ट्रेन के खाने में मरा हुआ कॉकरोच मिला है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी शिकायत रेलवे को की है। यात्री ने अपने खाने की तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की है, जो अब वायरल हो गई है। तस्वीर में नजर आ रहा है कि एक मरा हुआ कॉकरोच सब्जी की प्लेट में नजर आ रहा है। यात्री ने इस तस्वीर शेयर करते हुए अपनी निराशा व्यक्त करते हुए कहा, ₹आज 18-06-24 को, मेरे चाचा और चाची को वंदे भारत से यात्रा करने के दौरान आईआरसीटीसी द्वारा परोसे गए खाने में कॉकरोच मिला। कृपया विक्रेता के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

# महिला पुलिसकर्मी से ही रेप

## तेलंगाना में सब इंस्पेक्टर ने बंदूक दिखाकर लूट ली इज्जत



तेलंगाना से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां एक पुलिसकर्मी ने महिला सहकर्मी को हवस का शिकार बना लिया। खबर है कि आरोपी ने बंदूक की नोक पर वारदात को अंजाम दिया है। आरोपी पुलिसकर्मी के खिलाफ केस दर्ज हो गया और गिरफ्तार के बाद जांच जारी है। पीड़िता ने शीर्ष अधिकारियों के सामने शिकायत दर्ज कराई थी।

इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, तेलंगाना पुलिस में सब इंस्पेक्टर भवानी सेन को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसपर महिला कॉन्स्टेबल के साथ बंदूक की नोक पर कथित तौर पर बलात्कार के आरोप लगे हैं। घटना 16 जून की है। आरोपी ने कथित वारदात को जयशंकर भूपलपल्ली जिले के एक गेस्ट रूम में अंजाम दिया था।

रिपोर्ट के मुताबिक, कालसेवाराम पुलिस स्टेशन में काम करने वाली महिला कॉन्स्टेबल ने शिकायत दर्ज कराई थी। उनका कहना है कि एसआई सेन ने रेप करने से पहले सर्विस रिवॉल्वर दिखाकर धमकी दी थी। इतना ही नहीं घटना के बारे में किसी को कुछ बताने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी भी दी थी।

शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की और आरोप सच पाए गए। इसके बाद आरोपी एसआई के खिलाफ कार्रवाई की गई। खबर है कि IG एवी रंगनाथ ने सेन को स्थाई रूप से पुलिस सेवा से बाहर करने के लिए आदेश भी जारी कर दिए हैं। साथ ही उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता यानी IPC की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज हुए हैं।

## संक्षेप...

### कर्मचारी पांच लाख के गहने लेकर फरार

**ठाणे.** आभूषण की एक दुकान के कर्मचारी के खिलाफ ठाणे पुलिस ने पांच लाख रुपये के गहने लेकर भाग जाने के आरोप में मामला दर्ज किया है। दुकान के मालिक ने मंगलवार को अपने कर्मचारी कुलदीप सिंह रावत को हॉलमार्किंग के लिए आभूषण दिए थे। इसके बाद रावत से फोन पर संपर्क नहीं हो सका। दुकान के मालिक ने पुलिस को बताया कि वह न तो हॉलमार्किंग केंद्र गया और न ही दुकान पर वापस लौटा।

# MVA जारी कर सकता है संयुक्त घोषणापत्र


**मुंबई.** महाराष्ट्र लोकसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन को चौंकाने के बाद महा विकास अघाड़ी विधानसभा चुनाव में भी झटका देने की तैयारी कर रही है। राज्य विधानसभा चुनाव के लिए उद्धव ठाकरे, कांग्रेस और शरद पवार साथ लड़ने का फैसला कर चुके हैं। सूत्रों का कहना है कि ये तीनों पार्टियां सीट फॉर्मूला तय करने से पहले संयुक्त घोषणापत्र जारी कर सकती है। यह जानकारी भी सामने आई है कि घोषणापत्र में किसानों के मुद्दों को प्राथमिकता दी जा सकती है। हाल ही में संपन्न हुए आम चुनावों में महा विकास अघाड़ी ने राज्य में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन से बेहतर प्रदर्शन किया। एमवीए ने




48 में से 30 सीटें हासिल कीं। ऐसे में उद्धव, शरद पवार और कांग्रेस तीनों को विधानसभा चुनाव में भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। इसलिए तीनों दलों ने चुनावी तैयारियों में तेजी लाने का फैसला लिया है।

महा विकास अघाटी से जुड़े एक सूत्र ने कहा, ₹गठबंधन के सहयोगियों को लगता है कि लोगों को उनसे बहुत उम्मीदें हैं। इसलिए घोषणापत्र तैयार करते समय, वे यह सुनिश्चित करेंगे कि समुदायों के सभी लोगों को समान और निष्पक्ष प्रतिनिधित्व मिले।₹ सूत्रों ने आगे बताया कि एमवीए गठबंधन के लिए संयुक्त घोषणापत्र का मसौदा तैयार करने के लिए एक समिति का गठन करेगा। इस समिति में गठबंधन में शामिल सभी दलों को बराबर तवज्जो मिलेगी। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि समिति का नेतृत्व कौन करेगा और इसमें कितने सदस्य होंगे? लेकिन, सूत्र ने बताया कि घोषणापत्र में किसानों के मुद्दे अहम हो सकते हैं।

# विप की 11 सीटों पर चुनाव की घोषणा



**मुंबई.** लोकसभा नतीजों के बाद और महाराष्ट्र विधानसभा से चंद महीनों पहले चुनाव आयोग ने राज्य की 11 विधान परिषद सीटों पर चुनाव की घोषणा कर दी है। महाराष्ट्र विधान परिषद के 11 सदस्य 27 जुलाई को रिटायर हो रहे हैं। इसके चलते निर्वाचन आयोग ने उन 11 सीटों पर 12 जुलाई को चुनाव कराने का कार्यक्रम जारी किया है।

लोकसभा चुनाव के कुछ महीने बाद महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव होते हैं। मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल इस साल खत्म हो जाएगा। इसलिए अक्टूबर तक विधानसभा चुनाव होंगे। लेकिन उससे पहले विधान परिषद का चुनाव होगा। विधान परिषद के 11 सदस्य अगले महीने रिटायर हो जायेंगे।

चुनाव आयोग ने मंगलवार को 11 विधान परिषद सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की। इसके मुताबिक, आवेदन 25 जून से 2 जुलाई तक किया जा सकता है। आवेदन वापस लेने की अंतिम तिथि 5 जुलाई होगी। जबकि 12 जुलाई को वोटिंग होगी। सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक वोटिंग होगी. उसी दिन (12 जुलाई) शाम 5 बजे के बाद वोटों की गिनती शुरू होगी।

### रिटायर होने वाले सदस्य कौन हैं?

विधान परिषद के 11 वर्तमान सदस्य अगले महीने 27 जुलाई को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। इन 11 विधान परिषद सदस्यों का कार्यकाल खत्म हो जाएगा – डॉ. मनीषा कायंदे, विजय गिरकर, अब्दुल्ला दुर्रानी, निलय नाइक, अनिल परब, रमेश पाटिल, रामराव पाटिल, डॉ. वजहत मिर्जा, डॉ. प्रज्ञा सातव, महादेव जानकर, जयंत प्रभाकर पाटिल। विधानसभा सदस्य विधान परिषद के विधायकों का चुनाव करते है।

# भिवंडी में बारिश ने बढ़ाई लोगों की मुसीबत

**भिवंडी.** भिवंडी में सुबह से रुक रुक कर दोपहर करीब 2 बजे तक हुई भारी बारिश से शहर स्थित तमाम निचले क्षेत्र में पानी भर गया.शहर के प्रमुख बाजार सहित रहिवासी क्षेत्र में हुए जलजमाव की वजह से दुकानदारों एवं ग्राहक को भारी मुसीबत उठानी पड़ रही है.शहर के जागरूक नागरिकों ने जलजमाव के लिए नालों,गटरों की ठीक से सफाई नहीं किए जाने वाले ठेकेदारों की घटिया कार्यप्रणाली को जिम्मेदार ठहराया है.





गौरतलब हो कि, भिवंडी में सुबह से दोपहर तक रुक रुक कर मूसलाधार बरसात होने से शहर के कई निचले एरिया तीन बत्ती,बाजार पेठ, शिवाजी चौक, म्हाडा कालोनी, आजमी नगर, पद्मा नगर, कामतघर, गोपाल नगर, नवी बस्ती, कमला होटल के पास, घूंघट नगर, एस टी स्टैंड प्रांगण स्थित निचले स्थानों पर जलजमाव हो गया.

बाजार क्षेत्र तीन बत्ती एरिया में हुए जलजमाव के कारण दुकानदारों,ग्राहकों को खासी दिक्कत का सामना करना पड़ा.

शहर के जागरूक नागरिकों का आरोप है कि, मनपा प्रशासन द्वारा करीब ढाई करोड रुपए में गटर,नाला सफाई का ठेका ठेकेदारों को दिया गया है. मनपा प्रशासन की सख्त हिदायत के बावजूद सफाई ठेकेदारों ने गटर, नाला सफाई का कार्य ठीक से अंजाम नहीं दिया है. भिवंडी में अभी तक 40% से अधिक नाला सफाई का कार्य नहीं हुआ.सभी सफाई ठेकेदार बारिश के इंतजार में रहते हैं जिससे कचरा बह जाए और लाखों रुपए बच जाए.शहर में होने वाले जलजमाव और लोगों की तकलीफ से उन्हें कोई लेना देना नहीं है.शहर के जागरूक नागरिकों ने मनपा आयुक्त अजय वैद्य से ठेकेदारों की भ्रष्ट कार्यप्रणाली पर गंभीरता से ध्यान देते हुए भुगतान रोकने की अपील की है.

### नाला सफाई कार्यों में लापरवाही पड़ेगी भारी..

नाला,गटर सफाई में लापरवाही पर ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई होगी.नाला, गटर सफाई कार्यों का अधिकारियों की टीम द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है. टेंडर प्रक्रिया के अनुसार सफाई कार्य नहीं होने पर भुगतान नहीं करेंगे.शहर में जलजमाव रोकने के लिए जरूरी कदम उठाया जाएगा.

**-अजय वैद्य..**
प्रशासक, आयुक्त
मनपा भिवंडी..

### नाना-नानी पार्क में दिखा नाग-नागिन का जोड़ा

**भिवंडी.** शिवाजी चौक खाड़ी पार मार्ग स्थित आदर्श पार्क नाना नानी पार्क में शाम को टहल रहे लोगों को नाग नागिन का जोड़ा दिखाई पड़ा.नाग नागिन को प्रेमालाप करते देख लोग चौंक गए.देखते ही देखते पार्क में सांप होने की चर्चा फैल गई. आसपास आवाज सुनकर कुछ देर के बाद ही नाग नागिन खाड़ी किनारे झाड़ियों में ओझल हो गए. पार्क में सांप दिखने का वीडियो शहर में वायरल हुआ है.पार्क में सांप की खबर से सुबह शाम घूमने वालों में सुरक्षा को लेकर चिंता फैली है.लोगों का कहना है कि बरसात में अक्सर झाड़ियों से सटी जगहों पर बिलों में पानी भरने से सांप बाहर निकल कर घूमते देखे जाते हैं.

# संजय गुप्ता ने किया पूरे स्कूल का कायापलट




■ स्कूल की दयनीय अवस्था से बच्चों को था जोखिम

**उल्हासनगर.** भाजपा के उल्हासनगर जिला उत्तरभारतीय मोर्चे के अध्यक्ष व ओएनबीवी फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ संजय गुप्ता द्वारा पिछले कुछ वर्षों से समाजसेवा के क्षेत्र में दिए जा रहे अमूल्य योगदान के चलते शहरभर में उनकी सरहाना की जा रही है। यू तो वे समाजसेवा के अपने कार्यों को गुप्त रखने में विश्वास रखते है परंतु उनके शुभचिंतकों व मित्रों द्वारा शहर के अन्य सक्षम लोगों में भी समाजसेवा की भावना जागृत करने के लिए डॉ गुप्ता द्वारा किए जा रहे कार्य पहुंचाए जाते है जिससे कि वे भी प्रेरणा ले सके। डॉ संजय गुप्ता द्वारा हर महीने विधवाओं व बुजुर्गों को राशन व अन्य आवश्यक सामग्रियों के वितरण के साथ-साथ मध्यवर्ती अस्पताल में रोजाना मरीजों के परिजनों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई है जोकि कई महीनों से निरंतर जारी है। मध्यवर्ती अस्पताल में जन्मी बच्चियों के सम्मान में वे पांच हजार रुपए उनकी माताओं को दे रहे हैं, जिसका लाभ दर्जनों परिवारों ने लिया है। वहीं अब डॉ संजय गुप्ता द्वारा स्कूली बच्चों के लिए की गई एक और सरहानीय पहल की जानकारी मिली है जहां डॉ गुप्ता ने मात्र एक बार सहयोग का जिक्र सुनते ही उल्हासनगर के एक हिंदी स्कूल की पूरी तरह से कायापलट कर दी।

दरअसल उल्हासनगर कैंप 2, चंद्रशेखर आजाद चौक, आजाद नगर में स्थित चंद्रशेखर आजाद हिंदी विद्या मंदिर की अवस्था काफी दयनीय हो चुकी थी। स्कूल में दीवारें फूल चुकी थी, दरवाजे कमजोर हो चुके थे जोकि स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के लिए खतरा बन चूका था।

इस बात की जानकारी मिलते ही डॉ संजय गुप्ता ने पिछले वर्ष स्वयं खर्च से स्कूल की पूरी मरम्मत करवाई, दीवारों पर रंग लगाना हो या फिर दरवाजे बदलना, उन्होंने स्कूल के रखरखाव कार्य की जिम्मेदारी अपने कन्धों पर ले ली। इस वर्ष भी उन्होंने नए शैक्षणिक वर्ष की शुरआत से पहले स्कूल की दीवारों पर रंग लगवाने के साथ-साथ सुरक्षा की दृष्टि से स्कूल में 8 सीसीटीवी कैमरा लगवाए।




स्कूल की प्रबंधक अर्चना मिश्रा ने इस सन्दर्भ में बताया कि डॉ संजय गुप्ता द्वारा स्कूल के लिए किए गए कार्य शब्दों में बयान नहीं किए जा सकते है। किसी कारण से स्कूल प्रबंधन स्कूल का रखरखाव कार्य नहीं करवा पा रहा था और इस बात की जानकारी मिलते ही डॉ संजय गुप्ता ने स्कूल में पढ़ने वाले 250 बच्चों की तरफ मदद का हाथ बढ़ाते हुए स्कूल की रखरखाव कार्यों की जिम्मेदारी ली। उन्होंने कहा कि श्री गुप्ता यहीं पर नहीं रुके। वे नियमित रूप से जरूरतमंद बच्चों को नोटबुक का वितरण आदि साहयता भी करते है और उन्हें पढाई के प्रति प्रोत्साहित करते है।

स्कूल प्रबंधन को भी उनका सहयोग नियमित मिलता रहता है। उनके इन्हीं कार्यों से स्कूल के बच्चों के प्रति उनका प्रेम साफ़ झलकता है। स्कूल प्रबंधक अर्चना मिश्रा द्वारा स्कूल के सभी बच्चों की तरफ से डॉ संजय गुप्ता के प्रति आभार व्यक्त किया गया है।

### शुक्रवार और शनिवार को ठाणे में पानी की आपूर्ति नहीं

**ठाणे.** ठाणे महानगर पालिका की स्वयं की जल आपूर्ति योजना में तत्काल मरम्मत कार्यों के कारण, शुक्रवार, 21 जून को सुबह 11.00 बजे से शनिवार, 22 जून तक। रात 11 बजे तक शहर के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग समय पर जलापूर्ति बंद रहेगी. इस अवधि के दौरान ज़ोनिंग द्वारा स्टेम प्राधिकरण से पानी की आपूर्ति जारी रखी जाएगी। ठाणे मनपा के सूचना प्रसारण कार्यालय ने आज बताया कि शुक्रवार, 21 जून प्रातः 11:00 बजे से आधी रात तक तथा घोड़बंदर रोड, साकेत नई पाइपलाइन पर पानी की आपूर्ति 11.00 बजे से 12 घंटे की अवधि के दौरान बंद रहेगी। इसी तरह शुक्रवार, 21 जून को, 11 से शनिवार, 22 जून तक। 11 इस दौरान रितुपार्क, जेल, गांधीनगर, समता नगर, सिद्धेश्वर, इंटरनिटी, जॉनसन, मुंबा और कलवा के कुछ हिस्सों में 12 घंटे तक पानी की आपूर्ति बंद रहेगी. इस अवधि में पाईस उद्यान केंद्र, टेमघर जल उपचार संयंत्र उच्च दाब सब स्टेशन में कंट्रोल पैनल की मरम्मत, फिल्टर बेड वाल्व की मरम्मत आदि अत्यावश्यक कार्य किए जाएंगे। इस शटडाउन के कारण अगले एक से दो दिनों तक जलापूर्ति कम दबाव पर होगी.

# ठाणे में मैदान प्रदर्शनी के लिए मुंबई की तर्ज पर नियम बनेंगे

**ठाणे.** शहर में सार्वजनिक मैदानों पर व्यावसायिक प्रदर्शनी को लेकर मुंबई मनपा की तर्ज पर नियम तय किये जायेंगे. ठाणे महानगर पालिका के आयुक्त सौरभ राव ने ठाणे बीजेपी प्रतिनिधि मंडल को यह भरोसा दिलाया .

उल्लेखनीय है कि इन नियमों के मुताबिक साल में 365 में से 45 से 50 दिन मैदान में प्रदर्शनियां आयोजित की जा सकती हैं.. भाजपा जिला अध्यक्ष संजय वाघुले ने कल यहां बताया कि मैदान बाकी समय बच्चों के खेलने के लिये




उपलब्ध रहेगा. वहीं, ठाणे मनपा ने साल में दो बार पेड़ों की शाखाएं काटने, गावदेवी और ज्यूपिटर हॉस्पिटल के पास पार्किंग स्थल जल्द खोलने का वादा किया है..

ठाणे शहर की नागरिक समस्याओं और नागरिकों की विभिन्न कठिनाइयों को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष संजय वाघुले के नेतृत्व में पूर्व नगरसेवकों ने आज मनपा आयुक्त सौरभ राव से मुलाकात की है. प्रतिनिधिमंडल में पूर्व समूह नेता नारायण पवार, मनोहर डुंबरे, भरत चव्हाण, मुकेश मोकाशी, कृष्णा पाटिल, सुनेश जोशी, नंदा पाटिल, दीपा गावंड, अर्चना मनेरा, कमल चौधरी, कविता पाटिल, मृणाल पेंडसे, प्रतिभा माधवी, नम्रता कोली, राजकुमार यादव शामिल हैं.

# दावडी गांव में अवैध निर्माण पर चला हथौड़ा

**कल्याण.** कल्याण पूर्व के दावड़ी गांव में मनपा की विकास योजना के तहत सड़क पर बनी चार मंजिला अवैध इमारत को तोड़ने की कार्रवाई प्रभाग आई की सहायक आयुक्त हेमा मुंबरकर ने मंगलवार से शुरू कर दी है. प्रभाग I की सहायक आयुक्त हेमा मुंबरकर ने बताया कि इस इमारत पर अब कार्रवाई नहीं की गई तो माफिया इस इमारत को सात मंजिल में तब्दील कर आवासीय उपयोग में लाना शुरू कर सकते हैं। इसलिए, बारिश होने के बावजूद, इमारत को जमींदोज करने का काम शुरू हो गया है. भू-माफिया शेजुल ने यह जानते हुए भी कि महानगर पालिका की विकास योजना में सड़क दावडी से होकर गुजरी है, दावडी में चार मंजिल की अवैध इमारत खड़ी कर दी।

आयुक्त डॉ. इंदुरानी जाखड़, उपायुक्त अवधूत तावड़े, उपायुक्त रमेश मिसाल के मार्गदर्शन में माफिया शेजुल को इमारत के निर्माण अनुमति दस्तावेज जमा करने के लिए नोटिस जारी किया गया था. वे तय समय में दस्तावेज जमा नहीं कर सके. सहायक आयुक्त मुंबरकर ने शेजुल की इमारत को अनाधिकृत घोषित कर दिया. इस अवैध इमारत से घर खरीदारों को होने वाली धोखाधड़ी को रोकने के लिए मंगलवार से पूरी बारिश में इस इमारत को तोड़ने का काम शुरू कर दिया है.

# चोटिल हुईं प्रियंका चोपड़ा

■ एक्ट्रेस से गले पर लगा गहरा कट

■ हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' के सेट पर हुआ हादसा

प्रियंका चोपड़ा इन दिनों ऑस्ट्रेलिया में अपनी अगली हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' की शूटिंग कर रही हैं। इसी फिल्म के सेट पर उन्हें चोट लग गई है। बुधवार को प्रियंका ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक फोटो शेयर की जिसमें उनके गले में गहरा कट नजर आ रहा है।



इसे शेयर करते हुए प्रियंका ने लिखा.. 'मेरी प्रोफेशनल लाइफ में कई खतरे भी हैं'

दरअसल प्रियंका इन दिनों फिल्म के स्टंट सीन की शूटिंग कर रही हैं और इसी बीच उन्हें यह चोट लग गई है।

इससे पहले भी प्रियंका ने फिल्म के सेट से एक बिहाइंड द सीन फुटेज शेयर किया था। इसमें फिल्म का टाइटल, डायरेक्टर फ्रैंक ई फ्लॉवर्स और डायरेक्टर ऑफ फोटोग्राफी ग्रेग बाल्डी भी नजर आ रहे थे। 'द ब्लफ' फिल्म में प्रियंका के अपोजिट कार्ल अर्बन नजर आएंगे। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

वर्कफ्रंट पर प्रियंका इस फिल्म के अलावा जॉन सीना के साथ 'हेड ऑफ स्टेट' में भी नजर आएंगी। इसके अलावा उनके पास 'सिटाडेल 2' भी है। वहीं बॉलीवुड में वो फरहान अख्तर की फिल्म 'जी ले जरा' में नजर आने वाली थीं। इसमें उनके साथ कटरीना कैफ और आलिया भट्ट भी नजर आतीं, लेकिन फिलहाल यह फिल्म ही ठंडे बस्ते में है।

# सिकलसेल दिवस पर 200 मरीजों की जांच

**ठाणे.** जिलें में जागरूक सिकलसेल दिवस निमित्त जनजागृति के लिए जिला के सिविल अस्पताल में सुबह 11 बजे से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।स्वास्थ्य शिविर में 0 से 40 साल के 200 मरीजों का जांच किया गया।इस कार्यक्रम का उद्घाटन

अतिरिक्त मुख्य सचिव, सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग मिलिंद म्हैसकर के हाथों से हुआ। सिकलसेल बीमारी के विषय की जानकारी आम नागरिकों को होना चाहिए।इसके अलावा समय पर



उपचार करने के लिए स्वास्थ्य विभाग को सजग रहना आवश्यक है।यह बीमारी रक्त संबंधित है।5 मरीजों को रेड कार्ड का वितरण किया गया।इस अवसर पर आयुक्त स्वास्थ्य सेवा अमगोथू श्रीरंगा नायक, अतिरिक्त संचालक डॉ. स्वप्नील लाडे, सचिव, सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग, नवीन सोना आयुक्त स्वास्थ्य, रमेश चव्हाण सहसंचालक, उपसंचालक, आरोग्य सेवा मुंबई मंडल, ठाणे डॉ. अशोक नांदापूरकर, सहायक संचालक, डॉ. बालासाहेब सोनावणे अतिरिक्त उपसंचालक, डॉ. चाकुरकर, जिला शल्यचिकित्सक डॉ. कैलास पवार,जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गंगाधर परगे, अतिरिक्त जिला शल्यचिकित्सक डॉ. धीरज महांगडे, सहायक संचालक अदिवासी विभाग तेजस्वीनी गलाडे, वैद्यकिय अधिक्षक मेंटल अस्पताल डॉ. नेताजी मुलीक,डॉ ममता लाय आदि की उपस्थिति रही।

### रेलवे स्टेशन पर पहुंची टास्क फोर्स तो मची भगदड़.... जिसको भी पकड़ा बोला-

# 'सर हम तो गलती से एसी ट्रेन में चढ़ गए...'

**मुंबई.**मुंबई की लोकल ट्रेन में इन दिनों मध्य रेलवे ने अवैध यात्रियों के खिलाफ अभियान छेड़ा हुआ है. जो लोग बिना टिकट या फिर साधारण टिकट पर एसी कोच में यात्रा करते पकड़े जा रहे हैं उन पर जुर्माना लगाया जा रहा है. पिछले दिनों जब मध्य रेलवे की टास्क फोर्स ऐसे ही चैंकिंग के लिए एक लोकल ट्रेन में चढ़ी तो वहां भगदड़ मच गई. कुछ लोग तो डब्बे से कूद कर ही भाग खड़े हुए. जिन लोगों को टास्क फोर्स ने पकड़ा तो वे यह कहते नजर आएकि सर हम तो गलती से एसी कोच में चढ़ गए.

25 मई को अपने गठन के बाद से एसी/प्रथम श्रेणी टास्क फोर्स ने 15 जून तक बिना टिकट या फिर वाजिब टिकट से इतर यात्रा के



2,979 मामलों का पता लगाया है और ऐसे यात्रियों से 10.04 लाख रुपये का जुर्माना वसूला है.

जैसा कि सभी जानते हैं कि मुंबई की लोकल ट्रेन मुंबई की लाइफलाइन कही जाती है. रोजाना लाखों यात्री इनमें सफर करते हैं. मुसाफिरों की सहुलियत के लिए रेलवे ने लोकल ट्रेन के कुछ डब्बों में एसी कोच की भी सुविधा दी है. देखने में आया है कि साधारण टिकट पर भी बहुत से लोग एसी डब्बों में घुस जाते हैं. जिससे एसी का किराया देकर यात्रा करने वाले लोगों को कठिनाई आती है. इस तरह की शिकायतें लगातार बढ़ रही थीं. इस समस्या को कंट्रोल करने के लिए सेंट्रल रेलवे ने एसी कोच टास्क फोर्स का गठन किया है. यह टास्क फोर्स लोकल ट्रेन में चैकिंग करती है और जिस यात्री के पास वैध टिकट नहीं मिलता है, उस पर जुर्माना लगाया जाता है.


टास्क फोर्स के बारे में बताते हुए मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी डॉ. स्वप्निल नीला ने ईटीवी भारत को बताया कि 'एसी टास्क फोर्स उपनगरीय ट्रेनों के एसी और प्रथम श्रेणी डिब्बों में अनियमित यात्रा पर अंकुश लगाने के लिए एक अनूठी पहल है.'

मध्य रेलवे की इस टास्क फोर्स में रेलवे सुरक्षा बल-आरपीएफ के जवान और टिकट चेकिंग स्टाफ को शामिल किया गया है. टास्क फोर्स में 14 स्टाफ सदस्यों का एक विशेष दस्ता शामिल है. यात्रियों की समस्याओं को दूर करने के लिए एक व्हाट्सएप नंबर, 72088-19987 भी शुरू किया गया है. इस पर यात्री अपनी समस्या दर्ज करा सकते हैं. सेंट्रल रेलवे ने कहा कि हेल्पलाइन पर यात्रियों को अनियमित यात्रा की घटनाओं की रिपोर्ट की जा सकती है, जिससे पीक आवर्स के दौरान तत्काल सहायता और बाद में जरूरत के अनुसार कार्रवाई की जा सके.

उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas
/ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा



लोकप्रिय हिंदी दैनिक उल्हास विकास
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)
25 Lakhs THANK YOU Viewer's
25,00,000
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you

| | |
|---|---|
| Pageviews yesterday | 2,763 |
| Pageviews last month | 76,471 |
| Pageviews all time history | 1,007,712 |
| Followers | 168 |

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099